# अध्याय-6

# पृथ्वी के प्रमुख स्थलरूप

(अभ्यास)

हमारी पृथ्वी

www.evidyarthi.in



www.evidyarthi.in

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।**

**(i) प्रमुख स्थलरूप कौन-कौन से हैं?**

उत्तर: प्रमुख स्थलरूप हैं
(a) पर्वत
(b) पठार
(c) मैदान।

www.evidyarthi.in

**(ii) पर्वत एवं पठार में क्या अंतर है?**

उत्तर पर्वत का शिखर छोटा तथा आधार चौड़ा होता है, जबकि पठार का ऊपरी भाग मेज के समान सपाट तथा आसपास के क्षेत्रों से अधिक उठा हुआ होता है।

पर्वत का उदाहरण–हिमालय पर्वत।

पठार का उदाहरण दक्कन का पठार।

www.evidyarthi.in

**(iii) पर्वतों के विभिन्न प्रकार कौन-कौन से हैं?**

**उत्तर:** पर्वतों के तीन प्रकार होते हैं –

**(a)** वलित पर्वत

**(b)** भ्रंशोत्थ पर्वत

**(c)** ज्वालामुखी पर्वत।

www.evidyarthi.in

**(iv) मनुष्यों के लिए पर्वत किस प्रकार उपयोगी हैं?**

**उत्तर:** मनुष्यों के लिए पर्वत निम्न प्रकार से उपयोगी हैं

- पर्वत जल के संग्रहागार होते हैं। बहुत सी नदियों का स्रोत पर्वतों में स्थित हिमानियों में होता है।
- पर्वतों से प्राप्त जल द्वारा बिजली उत्पन्न की जाती है।

www.evidyarthi.in

- पर्वतों से प्राप्त जल सिंचाई तथा पीने के लिए प्रयोग किया जाता है।

- पर्वतों में अलग-अलग प्रकार की वनस्पतियाँ तथा जीव-जंतु पाए जाते हैं।

- पर्वत पर्यटन को बढ़ावा देते हैं।

www.evidyarthi.in

## (v) मैदानों का निर्माण किस प्रकार होता है?

**उत्तर:** नदियों और उनकी सहायक नदियों के द्वारा मैदान बने हैं। नदियाँ पर्वतों के ढालों पर नीचे की ओर बहती हैं तथा उन्हें अपरदित कर देती हैं। वे अपरदित पदार्थों को अपने साथ आगे की ओर ले जाती हैं और अपने साथ ढोए जाने वाले पदार्थों; जैसे-पत्थर, बालू तथा सिल्ट को वे घाटियों में निक्षेपित कर देती हैं। इन्हीं निक्षेपों से मैदानों का निर्माण होता है।

www.evidyarthi.in

**(v) नदियों द्वारा निर्मित मैदान सघन जनसंख्या वाले होते हैं, क्यों?**

**उत्तर:** मैदान बहुत अधिक उपजाऊ होते हैं। यहाँ परिवहन के साधनों का निर्माण करना आसान होता है। इसलिए ये मैदान विश्व के सबसे अधिक जनसंख्या वाले भाग होते हैं।

www.evidyarthi.in

**(vii) पर्वतों में जनसंख्या कम होती है, क्यों?**

**उत्तरः** कठोर जलवायु होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में बहुत कम लोग निवास करते हैं। पर्वतों का धरातल खड़ी ढाल वाला होता है तथा कृषि योग्य भूमि की कमी होती है।

www.evidyarthi.in

**प्रश्न 2. सही उत्तर चिह्नित (✓) कीजिए।**

**(i) पर्वत पठारों से भिन्न होते हैं**

**(क)** ऊँचाई ✓
**(ख)** ढाल
**(ग)** अभिमुखता

www.evidyarthi.in

**(ii) हिमानी कहाँ पाई जाती है?**

**(क)** पर्वतों में ✓
**(ख)** मैदानों में
**(ग)** पठारों में

www.evidyarthi.in

**(iii) दक्कन पठार कहाँ स्थित है?**

**(क)** केन्या

**(ख)** आस्ट्रेलिया

**(ग)** भारत ✓

www.evidyarthi.in

**(iv) यांगत्से नदी कहाँ बहती है?**

**(क)** दक्षिणी अमेरिका

**(ख)** आस्ट्रेलिया

**(ग)** चीन ✓

www.evidyarthi.in

**(v) यूरोप की एक महत्त्वपूर्ण पर्वत श्रृंखला कौन-सी है?**

**(क)** एंडीज़

**(ख)** आल्प्स✓

**(ग)** रॉकीज़

www.evidyarthi.in

**3. खाली स्थान भरें।**

1.समतल भूमि वाले विस्तृत क्षेत्र को **मैदान** कहते हैं।

2.हिमालय एवं आल्प्स **युवा वलित** पर्वतों के उदाहरण हैं।

3. **पठार** क्षेत्रों में खनिजों की प्रचुरता होती है।

4. **श्रृंखला** पर्वतों का एक क्रम है।

5. **मैदानी** क्षेत्र कृषि के लिए सबसे अधिक उत्पादक क्षेत्र होते हैं।